# पंख फैलाएं उड़ते जाएं

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 50)

➢ सिर पर मेरे ............... है,
सुन्दर पंखों पर नाज है।
सुन्दर नाच दिखाता हूँ।
राष्ट्रीय पक्षी कहलाता हूँ।

**उत्तर** *ताज।*

➢ आकाश से सीधे आती हूँ,
झपट चूहा ले जाती हूँ।
पूँछ है मेरी खाँचे वाली,
............... हूँ मैं बड़ी निराली।

**उत्तर** *चील।*

➢ हरे-हरे हैं मेरे पंख,
लाल है मेरी ............... का रंग।
हरी मिर्च मैं खाता हूँ,
............... मैं कहलाता हूँ।

**उत्तर** *चोंच, तोता।*

➢ काले-काले ............... हैं मेरे,
............... रंग।
काँव-काँव मैं शोर मचाता,
..................................

**उत्तर** पंख, काला मेरा, कौवा मैं कहलाता हूँ।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 51)

➢ कुहू-कुहू आवाज लगाती,
मधुर-मधुर मैं गीत सुनाती।
सबके मन को हूँ मैं भाती,
देखो ............... मैं कहलाती।

**उत्तर** *कोयल।*

➢ मरे जानवर खाकर मैं,
जगह साफ कर देता हूँ।
ऊँचे ............... में उड़ता हूँ।
गिद्ध मैं कहलाता हूँ।

**उत्तर** *आसमान।*

➢ रंग सलेटी, पंजे ...............
गुटर गूँ की भर कर चाभी।
दिन भर शोर मचाता हूँ,
............... मैं कहलाता हूँ।

**उत्तर** *गुलाबी, कबूतर।*

➢ चोंच है मेरी बड़ी निराली,
सुई हो जैसे सिलने वाली।
पत्ते सिल कर घर बनाऊँ,
............... चिड़िया मैं कहलाऊँ।

**उत्तर** *दर्जिन।*

➢ पेड़ के .............. में छेद बनाऊँ,
उसमें छिपे कीड़े खाऊँ।
टुक-टुक करता जाता हूँ,
कठफोड़वा कहलाता हूँ।

**उत्तर** *तने।*

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 52)

➢ पाठ में आए पक्षियों में से तुमने किन-किन को देखा है? उनके नाम लिखो।
............... ............... ............... ...............
............... ............... ............... ...............

**उत्तर** कौवा, गौरैया, कबूतर, मोर, चील, तोता, कोयल, गिद्ध।

➢ अब बाहर जाकर देखो तुम्हें कितने पक्षी दिखते हैं। पेड़ पर ही नहीं, मैदान में, पानी में, पानी के आस-पास तथा झाड़ियों में भी देखना।

**उत्तर**

| जगह | चिड़ियों की संख्या |
|---|---|
| पेड़ पर | 10 |
| पानी में | 8 |
| जमीन पर | 7 |
| झाड़ियों में | 5 |


➢ पक्षियों के नाम भरो तथा सही जगह पर (✓) का निशान लगाओ। यदि नाम नहीं जानते तो उनकी कोई पहचान लिखो।

**उत्तर**

| पक्षियों के नाम | जहाँ देखा है | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | पानी में | पेड़ पर | जमीन पर | घर में | उड़ते हुए |
| कौवा | | ✓ | | | ✓ |
| कबूतर | | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| बत्तख | ✓ | | | | |
| सारस | ✓ | ✓ | | | ✓ |
| तोता | | ✓ | | | ✓ |
| मुर्गी | | | ✓ | ✓ | |
| गिद्ध | | | ✓ | | |

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 53)

➢ क्या तुमने कभी ध्यान दिया है कि अलग-अलग पक्षियों की चोंच भी अलग-अलग तरह की होती हैं? नीचे कुछ पक्षियों की चोंच के चित्र हैं। इनको ध्यान से देखो और पहचानो–ये किन पक्षियों की चोंच हैं। नीचे उनके नाम लिखो। खाली खाने में किसी अन्य पक्षी की चोंच बनाओ और उसमें भी रंग भरो। उस पक्षी का नाम भी लिखो।




**उत्तर** 1. तोता, कौवा, मोर, चील, बगुला।
**नोट**–किसी और पक्षी की चोंच बनाओ।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 54)

➢ चित्र में दिये गये पक्षियों को उनके भोजन के साथ जोड़ो।

**उत्तर**



## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 55)

➢ उल्लू तो अपनी गर्दन पीछे तक घुमा सकता है। क्या तुम भी ऐसा कर सकते हो?

**उत्तर** नहीं, मैं अपनी गर्दन पीछे नहीं कर सकता हूँ।

➢ कई पक्षी ऐसे हैं, जो हमारी बोली की नकल कर सकते हैं। क्या तुम ऐसे किसी पक्षी का नाम जानते हो? उसका चित्र कॉपी में बनाओ और उसका नाम भी लिखो।

**उत्तर** तोता हमारी बोली की नकल कर सकता है।



➢ बाहर खुले में जाओ। पक्षियों को देखो कि वे कैसे चलते हैं, उनके पंख कैसे हैं और वे गर्दन कैसे हिलाते हैं। पक्षियों की आवाजें भी सुनो। किन्हीं तीन पक्षियों की आवाजों की नकल करो। उनके गर्दन हिलाने की भी नकल करो। अपने साथियों से कहो कि वे पहचानें तुमने किस पक्षी की नकल की है।

**उत्तर** स्वयं करो।

➢ पक्षियों के गिरे हुए पंखों को इकट्ठा करो और उनके रंग, आकार और आकृति पर चर्चा करो। एक पक्षी का चित्र अपनी कॉपी में बनाओ और उसपर पंख चिपकाओ। उसका नाम भी लिखो।

**उत्तर** स्वयं करो।

➢ पक्षियों के अलावा और कौन-कौन से जानवर उड़ सकते हैं?

**उत्तर** तितली, मधुमक्खी, तिलचट्टा, मक्खी, चमगादड़, टिड्डा।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 56)

➢ अगर तुम भी पक्षियों की तरह उड़ सकते, तो तुम कहाँ-कहाँ जाते? क्या-क्या करते?

**उत्तर** यदि मैं भी पक्षियों की तरह उड़ सकता तो मैं पूरी दुनिया की सैर करता। मैं दूसरे पक्षियों के साथ रेस लगाता।

➢ यदि पक्षी उड़ न सकें, बस अपने पैरों पर ही चलें तो क्या होगा?

**उत्तर** यदि पक्षी उड़ न सकें तो वे उड़ने का आनंद नहीं ले पायेंगे। खतरे के समय वे उड़कर अपनी जान नहीं बचा पायेंगे।